लोक निजी भागीदारी योजना अंतर्गत निगम के अधीन वाहन परिचालन हेतु प्रकाशित निविदा (निविदा संख्या–02 दिनांक–18.01.2024) के Pre Bid Meeting के संबंध में दिनांक–29.01.2024, 1:00 बजे अपराह्न में हुई बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति :–

1. प्रशासन मुख्य – अध्यक्ष
2. संचालन मुख्य – सदस्य
3. उप मुख्य लेखा पदाधिकारी – सदस्य
4. मुख्य यांत्रिक अभियंता – सदस्य
5. निदेशक निगरानी एवं सुरक्षा – सदस्य
6. प्रभारी पदाधिकारी (पी०पी०पी०) – सदस्य
7. यात्री प्रबंधक (संचालन) – सदस्य
8. वाहन स्वामी – आमंत्रित सदस्य

सर्वप्रथम प्रशासन मुख्य द्वारा Pre Bid Meeting में उपस्थित सभी वाहन स्वामियों का स्वागत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी (पी०पी०पी०) द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या–2 में उल्लेखित नियम एवं शर्तों की जानकारी बैठक में उपस्थित वाहन स्वामियों को दी गई।

यात्री प्रबंधक (संचालन) द्वारा निविदा में संलग्न परिशिष्ट–01 एवं परिशिष्ट–02 में उल्लेखित विवरणी अनुसार निविदा को दिनांक–09.02.2024 को ससमय टेंडर बॉक्स में जमा करने हेतु वाहन स्वामी को सूचित किया गया।

अधिकांश वाहन स्वामियों द्वारा एकरारनामा अवधि विस्तार करने हेतु अनुरोध किया गया जिस पर संचालन मुख्य द्वारा बताया गया कि यह बैठक निविदा संख्या–02 के Discussion पर आधारित है।

सभी वाहन स्वामियों द्वारा निविदा संख्या–2 में उल्लेखित नियम एवं शर्तों पर किसी प्रकार की आपत्ति नहीं की गई।

अंत में बैठक में उपस्थित सभी वाहन स्वामियों को दिनांक–09.02.2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक निविदा में भाग लेने की जानकारी देते हुए सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

29/01/24 यात्री प्रबंधक (संचालन)	29/01/24 प्रभारी पदाधिकारी (पी०पी०पी०)	29/1/2024 नि०नि० एवं सुरक्षा
मुख्य यांत्रिक अभियंता	29/01/24 उप मुख्य लेखा पदाधिकारी	29/01/2024 प्रशासन मुख्य–सह–संचालन मुख्य